दैनिक

न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, गुरूवार 27 जून 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-265

अमेरिका के विदेश मंत्री पोम्पिओ ने की पीएम मोदी से मुलाकात

नई दिल्ली (आरएनएस)। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और भारत तथा अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पोम्पिओ मंगलवार को यहां पहुंचे थे। वह विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दोपहर में विस्तृत चर्चा करेंगे और उनके साथ ही दोपहर का भोजन करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बैठक की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, ''हमारी रणनीतिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए मिल कर काम कर रहे हैं। मंत्री पोम्पिओ ने भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चर्चा के लिए उनसे मुलाकात की। प्रधानमंत्री ओसाका में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। रणनीतिक रूप से अहम भारत-अमेरिका वार्ता से पहले मंगलवार को राजनयिक सूत्रों ने कहा था कि भारत रूस से एस- 400 मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीदने के लिए अमेरिकी प्रतिबंध से छूट की शर्तों को पूरा करता है। उन्होंने जोर दे कर कहा कि भारत रूस के साथ अपने पुराने रक्षा संबंधों को ''खत्म नहीं कर सकता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर और पोम्पिओ रूस से मिसाइल रक्षा प्रणाली खरीद के अलावा आतंकवाद, एच1बी वीजा, व्यापार और ईरान से तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों से उत्पन्न होने वाली स्थिति सहित विभिन्न मुद्दों पर बातचीत करेंगे। ट्रंप प्रशासन के दौरान किसी अमेरिकी विदेश मंत्री का यह तीसरा भारत दौरा है। पोम्पिओ की यह यात्रा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जी..20 शिखर सम्मेलन के इतर होने वाली बैठक से पहले हो रही है। जी..20 शिखर सम्मेलन 28...29 जून को जापान के ओसाका में होने वाला है।

विधेयक के विरोध में नेपाल में भारतीय टीवी चैनलों का प्रसारण बंद

काठमांडू (आरएनएस)। नेपाल में एक प्रस्तावित विधेयक के विरोध में भारतीय टेलिविजन चैनलों का 24 घंटे के लिए प्रसारण बंद कर दिया गया। विधेयक में विदेशी टीवी चैनलों को विज्ञापन प्रसारित करने से रोकने का प्रस्ताव है। नेपाल में स्टार प्लस, कलर्स, जी टीवी, सोनी टीवी, स्टार उत्सव जैसे भारतीय टीवी चैनल लोकप्रिय हैं। समाचार को छोड़कर नेपाल के लोग मनोरंजन के लिए भारतीय चैनलों को देखना पसंद करते हैं। नेपाल के दर्शकों के बीच 'कुल्फीकुमार बाजेवाला', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' और 'द कपिल शर्मा शो' काफी लोकप्रिय हैं। इंटरनेट और डिजिटल टेलिविजन समन्वय समिति और नेपाल केबल टेलिविजन असोसिएशन ने विदेशी चैनलों के प्रसारण को बंद कर दिया और सोमवार को दोपहर 3 बजे से मंगलवार को अपराह्न 3 बजे तक 24 घंटे के लिए विज्ञापन का प्रसारण किया। विज्ञापन (विनियमन) विधेयक अगर पारित होता है तो भारतीय चैनलों सहित विदेशी टेलिविजन चैनलों पर विज्ञापनों का प्रसारण बंद हो जाएगा।

महत्वपूर्ण एवं खास

चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

नईदिल्ली (आरएनएस)। नईदिल्ली के राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में मंगलवार को इथियोपिया, ताजिकिस्तान, फिलीपींस और निकारागुआ के राजदूतों ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द को अपने परिचय पत्र सौंपे। परिचय पत्र सौंपने वाले राजदूतों में डॉ तिजिता मुलुगेटा, इथियोपिया, रहीमजोड़ा सुल्तान, ताजिकिस्तान, रेमन एस. बगतसिंग, जूनियर, फिलीपींस एवं रोड्रिगो कोरोनेल किनलोच निकारागुआ गणराज्य हैं।

सैन फ्रांसिस्को में सड़क दुर्घटना में भारतीय की मौत

सैन फ्रांसिस्को। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को शहर में एक सड़क दुर्घटना में हैदराबाद के एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना में उनके अलावा एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सैन फ्रांसिस्को के एग्जामिनर समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, शहर के प्रशासन ने मरने वालों की पहचान हैदराबाद निवासी सईद वसीम अली (26) और सैन फ्रांसिस्को निवासी सेला हेनरिक्ज (49) के रूप में की है। यह घटना रविवार देर रात लगभग 1.15 बजे थर्ड स्ट्रीट और पॉल एवेन्यू पर हुई। पुलिस के अनुसार, थर्ड स्ट्रीट पर एक मर्सिडीज बेंज तेजी से जा रही थी और वह लाल बत्ती पर भी नहीं रुकी, इसके बाद वह एक टोयोटा सेडान से टकरा गई। कार राइड सर्विस की टोयोटा चला रहे अली और उनके साथ बैठे यात्री हेनरिक्ज की घटना के बाद मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि मर्सिडीज के दो सवारों को अस्पताल ले जाया गया। उनके बचने की उम्मीद है। मर्सिडीज कार चालक कार छोड़कर भाग गया और सोमवार सुबह तक वह गिरफ्तार नहीं हुआ था। अली के परिजनों की तरफ से उनके शव को हैदराबाद लाने के लिए रुपये इकट्ठे करने के लिए गोफंडमी नाम का एक पेज बनाया गया है।

गिराया गया अमेरिकी ड्रोन ईरान की वायुसीमा में था : रूस

मॉस्को। रूस के सुरक्षा परिषद के प्रमुख ने कहा है कि पिछले हफ्ते ईरान ने जो अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया था वह ईरानी वायुसीमा में था। रूसी संवाद समितियों की रिपोर्ट के अनुसार रूसी सुरक्षा परिषद के प्रमुख निकोलाई पात्रुशेव ने यरूशलम में कहा, ''रूसी विदेश मंत्रालय से मुझे सूचना मिली है कि यह (अमेरिकी) ड्रोन ईरान की वायु सीमा में था।'' पात्रुशेव अमेरिका और इजराइल के अधिकारियों के साथ बातचीत करने के लिए यरूशलम में हैं। 19 जून को ईरान ने अमेरिकी जासूसी ड्रोन को मार गिराया था और इसके बाद से तनाव चरम पर है । अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका बदला लेने के लिए ईरान पर हमला करने का आदेश दिया था लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिया । ईरान ने जोर देकर कहा कि ड्रोन ने हरमुज के स्ट्रेट में उसके वायुसीमा का उल्लंघन किया था लेकिन पेंटागन ने ईरान के क्षेत्र में इसके प्रवेश से इनकार किया था ।

अनियंत्रित टेंकर की ठोकर से गाय व बछड़े की मौत, रिपोर्ट दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। अनियंत्रित टेंकर वाहन की ठोकर से एक गाय व बछड़ा की मौत हो जाने पर टेंकर चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने की रिपोर्ट आरंग थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार शीतलापारा आरंग रायपुर निवासी सुरज साहू ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि रायपुर से खरोरा जा रही टेंकर क्रमांक सीजी 07 एडब्लू 2718 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाने के चलते सड़क पर बैठे एक गाय व बछड़े को अपनी चपेट में ले लिया जिसके चलते गाय व बछड़े की मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने टेंकर चालक के खिलाफ अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

पीएम मोदी के भाषण पर ओवैसी का तंज, यदि हम गटर में हैं तो ऊपर उठाइये

नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण पर एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री को शाहबानो याद है, लेकिन उन्हें तबरेज अंसारी, अखलाक, पहलू खान याद नहीं है। किसी ने 'गटर' संबंधी बयान दिया है तो आप मुसलमानों को आरक्षण क्यों नहीं देते हैं। यदि हम 'गटर' में हैं, तो हमें इससे ऊपर उठाइए। ओवैसी ने कहा, 'प्रधानमंत्री को शाहबानो याद है, लेकिन उन्हें तबरेज अंसारी, अखलाक, पहलू खान याद नहीं है। क्या उन्हें याद नहीं है कि उनके मंत्री ने अलीमुद्दीन अंसारी के हत्यारों को माला पहनाई थी। किसी ने 'गटर' संबंधी बयान दिया है तो आप मुसलमानों को आरक्षण क्यों नहीं देते हैं। यदि हम 'गटर' में हैं, तो हमें इससे ऊपर उठाइए।' दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलते हुए कांग्रेस के केंद्र सरकार में मंत्री रहे एक नेता के बयान का हावाला दिया था। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के मंत्री ने खुद कहा है कि कांग्रेस यह मानती है मुसलमानों के उत्थान की जिम्मेदारी उसकी नहीं है, यदि वो गड्ढे में पड़े रहना चाहते हैं तो पड़े रहने दिया जाए। हालांकि, पीएम मोदी के बयान पर सदन में हंगामा भी हुआ।

भारतीय दूतावास को पहाड़ में मिले भित्तिचित्र

लखनऊ (आरएनएस)। एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल इसी साल जून में इराक गया था। यहां पर उन्हें लगभग 2000 ईसा पूर्व के भित्तिचित्र देखने को मिले। इस बारे में अयोध्या शोध संस्थान का दावा है कि यह भगवान राम की एक छवि है। यह भित्तिचित्र दरबंद-ई-बेलुला चट्टान में बना मिला है। यह इलाका इराक के होरेन शेखान क्षेत्र में एक संकरे मार्ग से गुजरता है। इसमें एक नंगी छाती वाले राजा को दिखाया गया है, जो धनुष पर तीर ताने हैं, एक तरकश और उसकी कमर के पट्टे में एक खंजर या छोटी तलवार लगी है।

इस छवि में मुड़े हुए हथेलियों के साथ एक दूसरी छवि नजर आती है। इसके बारे में अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक योगेंद्र प्रताप सिंह कहते हैं कि यह हनुमान की छवि है। इराकी विद्वानों का कहना है कि यह भित्तिचित्र पहाड़ी जनजाति के प्रमुख टार्डुनी को दर्शाती है।

इराक गया था प्रतिनिधिमंडल

इराक में भारतीय राजदूत प्रदीप सिंह राजपुरोहित की अगुआई में प्रतिनिधिमंडल इराक गया। इसके लिए संस्कृति विभाग के अंतर्गत आने वाले अयोध्या शोध संस्थान ने अनुरोध किया था। एब्रिल वाणिज्य दूतावास में एक भारतीय राजनयिक, चंद्रमौली कर्ण, सुलेमानिया विश्वविद्यालय के इतिहासकार और कुर्दिस्तान के इराकी गवर्नर भी इस अभियान में शामिल हुए।

भगवान राम की मौजदगी के सबूत

अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक योगेंद्र प्रताप सिंह ने दावा किया कि बेलुला दर्रे में भगवान राम के ये निशान प्रत्यक्ष प्रमाण है कि राम सिर्फ कहानियों में नहीं हैं। इस प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय और मेसोपोटामिया संस्कृतियों के बीच संबंध का विस्तृत अध्ययन करने के लिए चित्रमय प्रमाण एकत्र किया है।

सुरक्षा की समीक्षा करने जम्मू-कश्मीर जाएंगे शाह



» अमरनाथ यात्रा पर आतंकी हमले का खतरा

श्रीनगर(आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कड़ी सुरक्षा में बुधवार से दो दिन जम्मू एवं कश्मीर में रहेंगे। इस दौरान वह सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की राज्यपाल सत्यपाल मलिक के संग सह-अध्यक्षता करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री का कार्यभार ग्रहण करने के बाद पहली बार इस सीमांत राज्य में कदम रखने जा रहे हैं। जानकार सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान आंतरिक सुरक्षा पर चर्चा करना शाह की शीर्ष प्राथमिकता रहेगी। वह हालांकि राज्य के जम्मू और लद्दाख संभाग का दौरा नहीं करेंगे।

सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक के बाद शाह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं और पंचायत सदस्यों को भी अलग-अलग संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा, वे इस दौरान राज्य के राज्यपाल सत्यपाल मलिक से भी मुलाकात करेंगे और उनके साथ राज्य की वर्तमान सुरक्षा संबंधित स्थिति पर चर्चा करेंगे। चर्चा में राज्य के वरिष्ठ अधिकारी और केंद्रीय खुफिया एजेंसियों के अधिकारी भी हिस्सा लेंगे।

सूत्रों ने कहा, इस दौरान अमित शाह कल अमरनाथजी गुफा मंदिर भी जाएंगे और वहां पूजा-अर्चना करेंगे। इस वर्ष अमरनाथ यात्रा पहली जुलाई से शुरू होकर 15 अगस्त तक चलेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, अमरनाथ यात्रा पर पुलवामा जैसे हमले का अलर्ट जारी किया गया है। इसके मद्देनजर जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। वहीं, इस साल की यात्रा में सबसे अधिक जवानों की तैनाती देखने को मिलेगी- सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस कर्मियों के अलावा लगभग 42 हजार अर्धसैनिक बलों के जवान- 1 जुलाई से शुरू हो रही 46 दिनों की यात्रा के दौरान अपेक्षित लाखों यात्रियो की सुरक्षा करेंगे।

भाजपा सूत्रों ने कहा कि शाह गुरुवार को पार्टी नेताओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधिमंडलों, मुख्यधारा की पार्टियों के नेताओं, पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों और पंचायत सदस्यों से मुलाकात करेंगे।

टीएमसी सांसद और ऐक्ट्रेस मिमी चक्रवर्ती और नुसरत जहां ने ली शपथ

नईदिल्ली (आरएनएस)। बंगाली एक्ट्रेस और तृणमूल कांग्रेस की सांसद नुसरत जहां मंगलवार को शपथ लेने संसद पहुंचीं. इस दौरान उन्होंने बंगाली में शपथ ली. शपथ लेने के बाद नुसरत ने बीजेपी सांसद और लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के पैर छूकर आशीर्वाद लिया.

संसद सत्र में नुसरत जहां पारंपरिक अंदाज में नजर आई. नुसरत ने माथे पर सिंदूर, हाथों में मेहंदी और चूड़ा पहना हुआ था. बता दें कि उन्होंने हाल ही में बिजनेसमैन निखिल जैन से तुर्की में शादी की थी. शादी की वजह से नुसरत लोकसभा सदस्य की शपथ नहीं ले पाई थीं. उन्होंने 20 जून को अपनी शादी की फोटोज फैंस के साथ शेयर का थी, जिसमें वो हिंदू रीति-रिवाज से फेरे लेते नजर आई.

ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नुसरत जहां ने 17वीं लोकसभा में चुनाव जीतकर संसद तक का रास्ता तय किया है.

गुजरात से राज्यसभा सीट के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भरा नामांकन

गांधीनगर (आरएनएस)। सत्तारूढ़ भाजपा के प्रत्याशी के तौर पर केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा जुगल ठाकोर ने दो मंत्रियों अमित शाह तथा स्मृति ईरानी के लोकसभा में चयन के कारण रिक्त हुई गुजरात की दो राज्यसभा सीटों होने वाले उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्र भरे। दोपहर 12 बज कर 39 मिनट पर, जिसे भाजपा विजय मुहूर्त कहती हैं, दोनो प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। इसके कुछ ही समय बाद और आज नामांकन के अंतिम दिन तीन बजे इसकी तिथि समाप्त होने से कुछ ही मिनट पहले कांग्रेस ने भी अपने दो प्रत्याशियों गौरव दवे तथा पूर्व महिला विधायक चंद्रिकाबेन चूडासमा को मैदान में उतार दिया। उनके नामांकन के अवसर पर मौजूद रहे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमित चावड़ा ने कहा कि जरूरत पड़ने पर पार्टी चुनाव के बाद फिर से सुप्रीम कोर्ट जायेगी। ज्ञातव्य है कि इन सीटों एक ही तिथि पांच जुलाई को अलग अलग मतदान होने के कारण दोनो भाजपा प्रत्याशियों की जीत पक्की है।

जल्द रद्द होगी मेहुल चोकसी की नागरिकता

» भारत के दबाव के आगे झुका एंटीगुआ

नईदिल्ली (आरएनएस)। पीएनबी घोटाले के आरोपी और भगोड़े कारोबारी मेहुल चोकसी पर शिकंजा कस चुका है और उसे बहुत जल्द भारत लाया जा रहा है। भारत सरकार की कोशिशों और दवाब के चलते एंटीगुआ मेहुल चोकसी की नागरिकता रद्द करने जा रही है। इस संबंध में एंटीगुआ के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि वह जल्द ही मेहुल चोकसी की नागरिकता रद्द करने वाले हैं। इसी के साथ ही मेहुल चोकसी को भारत लाने का रास्ता भी साफ हो जाएगा। ब्राउन के मुताबिक, भारत की ओर से लगातार इसको लेकर दबाव बनाया जा रहा था। एंटीगुआ के पीएम ने कहा कि हम किसी भी ऐसे व्यक्ति को अपने देश में नहीं रखेंगे, जिसपर किसी तरह के आरोप लगे हों।

गौर हो कि मेहुल चौकसी के प्रत्यर्पण को लगातार कोशिश हो रही है। चोकसी ने जांच के लिए भारत आने से इनकार करते हुए कहा था कि वह स्वास्थ्य कारणों से भारत यात्रा नहीं कर सकता। जिसके बाद जांच एजेंसियों ने चोकसी के बीमार होने के दावे पर एयर ऐम्बुलेंस के जरिए वापस लाने का प्रस्ताव भी दिया था।

ज्ञात हो कि पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) को लगभग 14 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाकर चोकसी विदेश फरार हो गया था और वह पिछले साल से ही एंटीगुआ में है। मेहुल चोकसी को कई बार सरकार, एजेंसियों और अदालत की तरफ से समन भेजा गया था, लेकिन उसने हर बार आने से मना किया। मेहुल चोकसी का तर्क था कि अगर वह हिंदुस्तान आएगा तो उसकी लिंचिंग कर दी जाएगी।

वित्त मंत्रालय के बाहर तैनात कांस्टेबल ने खुद को गोली मारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के नार्थ ब्लॉक में तैनात एक हेड कांस्टेबल ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. अभी तक खुदखुशी की वजह सामने नहीं आई है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

मृतक जय नारायण राजस्थान सशस्त्र कांस्टेबुलरी (आरएसी) में हेड कांस्टेबल था. नारायण ने केंद्रीय वित मंत्रालय के बाहर खुद को गोली मार ली. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक मंगलवार को वह वित मंत्रालय के गेट नंबर-2 पर तैनात था. आत्महत्या से पहले उसने दोपहर करीब 12.45 बजे कहीं फोन भी किया था. इसके बाद उसने खुदखुशी कर ली.

हालांकि, अभी खुदकुशी की वजह साफ नहीं हो पाई है. घटना के वक्त का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें जवान खुद को गोली मारता दिख रहा है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. साथ ही कांस्टेबल के परजिनों और बटालियन में इसकी सूचना दे दी गई है.

सभी नागरिकों के लिए 'आसान जिंदगी' सुनिश्चित करने प्रतिबद्ध है सरकारः मोदी

नईदिल्ली (आरएनएस)। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदन के सदस्यों विशेषकर पहली बार चुने गए संसद सदस्यों को बहस में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में नए भारत का विजन है, जिसका सपना लाखों भारतीय देखते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के स्पष्ट जनादेश के बारे में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के लोगों ने सरकार के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए एक स्थिर सरकार को दोबारा चुना है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2019 दर्शाता है कि भारत के लोग राष्ट्र की भलाई के बारे में सोच रहे हैं। यह भावना प्रशंसनीय है।

उन्होंने कहा कि 130 करोड़ देशवासियों की सेवा करने का अवसर मिलना तथा नागरिकों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव संतुष्टि प्रदान करते हैं। केन्द्र सरकार की दूरदर्शिता पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार जन कल्याण और आधुनिक बुनियादी ढांचे में यकीन रखती है।